KHARTARGACHHA MILLENNIUM

'Khartargachha' is one of the most prominent and oldest living sect of Jain Shwetamber Sangh. Around 2,600 years ago, Lord Mahavir was the 24th Tirthankar of Jains. In the lineage of Lord Mahavir, Gautam Swami and Sudharma Swami succeeded him in due course. Lord Mahavir had prescribed strict rule based regime to be followed by Jain Sadhu-Sadhvis and their followers.

With influx of time, distortions creeped into lives of some Sadhus. They had started living in temples (Chaitya) and hence were also known as 'Chaityavasi'. To lead an easy life, they had gradually discarded the strict regime of monk life prescribed by Lord Mahavir. There were however some true followers of Lord Mahavir, who scrupulously followed his path and regime.

Around Vikram Samvat 1078-79, Acharya Vardhman Suri, who was the 39th heir to the lineage of Lord Mahavir, and Sudharma Swami alongwith his disciples including Acharya Jineshwar Suri started moving from Delhi towards Gurjar Pradesh (now, Gujarat) and reached Patan in Vikram Samvat 1980. At that time, Patan was dominated by Chaityavasi Acharyas notably Suracharya and Sadhus and they had great influence over the King and its people. At the behest of Chaityavasi Sadhus, misinformation was spread about Acharya Vardhman Suri and his disciples and word reached the King. At the advice of his Mantri, the King ordered a debate (Shastrartha) between Suracharya and Jineshwar Suri started in the presence of King Durlabh Raj. Finally, after long debate with many Granths by both the contestants, King Durlabh Raj, impressed with arguments and testimonies presented and declared Acharya Jineshwar Suri, who succeeded as the 40th heir to lineage of Lord Mahavir. Thereafter, his Sadhus and followers were known as Khartargachhiya and group his followers, Sadhus-Sadhvis etc. came to be known as 'Khartargachha'. Thus, 1000 years ago, Khartargachha came into existence and is now entering it's Millennium Year (Sahasrabdi Varsh-1000th year) in Vikram Samvat 2080 (Year 2023-24 AD).

Since then, Khartargachha is continuously moving forward in its glorious journey. In the long and glorious history of Khartargachha spanning these 1000 years, many famous Acharyas, Sadhu-Sadhvis, scholars, litterateurs, painters, sculptors and philanthropists have greatly enriched our nation and it's socio-cultural milieu by different means and methods. Acharya Jin Dutt Suri, Acharya Manidari Jin Chandra Suri, Acharya Shri Jin Kushal Suri, Akbar Pratibodhak Acharya Shri Jin Chandra Suri, Mahopadhyaya Samay Sundarji, Acharya kshma Kalyan Sagar Suri etc. were famous Scholar-Acharyas, who authored many important granths and propounded original thinking on complex spiritual issues. This resulted greater and deeper understanding of concept and application of various principles. More than 400 years ago, Mahopadhyaya Samay Sunder was a scholar par excellence, who defined and described a single sentence of 8 words into 8,00,000 ways. In the lineage of these illustrious Khartargachha Acharyas and Sadhus, many of their disciples have propagated and spread the principles and teachings of Jain Dharma through nook and corner of the country. Four most famous Acharyas namely Acharya Abhay Dev Suri, Acharya Jin Dutt Suri, Acharya Manidari Jin Chandra Suri, were out of reverence known as 'Dada Gurudev' and temples dedicated to them are known as 'Dadabari'. There are around 800-900 Dadabaris situated in every part of the country, where thousands of faithfuls and followers visit to pay obeisance to them. Khartargachha Acharyas visited many kings and rulers to show them the right path and influenced them and inspired them to declare prohibition of slaughter of animals on several occasions. Thus, lives of many precious animals were saved, which is a living testimonial of adherence to principles of Ahimsa.

There have been many eminent Khartargachha Scholars like Shri Agar Chand Nahata, Shri Bhanwar Lal Nahata, who have authored more than 100 books and more than 5,000 articles and painstakingly collected and deciphered many old, rare manuscripts. Another great scholar, Mahopadhyaya Shri Vinay Sagar ji made significant contribution to literature by authoring, editing and translating many important books. Khartargachha Shravaks and Sanghs have built many famous temples and Tirths, which are marvels of sculpture especially Temple sculpture. Around 250 years ago, Seth Motishah, a Khartargachha Shravak, concerned with various accidents and injuries to pilgrims decided to build a grand temple by joining two hillocks and filling and levelling the vast land between these hillocks at Palitana (Gujarat). Many Paintings and art works by Khartargachha followers are mesmerizing and are invaluable. Many philanthropists from this sect have built institutions like Granth bhandars, schools, colleges, hospitals, dharmshalas, old age homes, auditoriums etc. in many parts of the country. These institutions are helping needy and people of weaker sections without any distinction of caste, creed, religion, sex, state, language or province.

By dint of their hard work and principled life, Khartargachha followers have earned respect and admiration of every section of society. Ahimsa (Non-Violence) and Satya (Truthfulness) are undiluted core values, which every Khartargachhiya follower practices without any compromise or exception. Thus, its followers are always at forefront in making positive and significant contributions to society and country at large.

Khartargachha sect is fully determined to carry forward this glorious legacy to greater heights and glory by re-inventing itself and re-dedicating to serve humanity with great zeal in this rare and historical period of Millennium Year (Sahasrabdi year-1000th year). We are proud of our past, are safe and secure in present and confident of future. We will march forward with vision, vigour and determination to contribute to the nation building and social welfare in a true and righteous manner.

Department of Posts is delighted to issue Commemorative Postage Stamp on the Khartargachha Millennium and appreciates its endeavour of serving humanity.

Credits:

Stamp/FDC/Brochure	: Sh. Brahm Prakash
Cancellation Cachet	: Sh. Brahm Prakash
Text	: Referenced from content provided by Proponent

भारतीय डाक
India Post

डाक विभाग
Department of Posts



खरतरगच्छ सहस्राब्दी
Khartargachha Millennium

विवरणिका BROCHURE

खरतरगच्छ सहस्राब्दी

खरतरगच्छ, जैन श्वेतांबर संघ का सबसे प्रमुख और प्राचीनतम पंथ है, जिसकी परंपरा आज भी जीवित है। लगभग 2,600 वर्ष पूर्व, जैनियों के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर ने जैन साधुओं–साध्वियों और उनके अनुयायियों हेतु कठोर नियम आधारित धर्म संघ शासन व्यवस्था स्थापित की और उसका पालन किए जाने का उपदेश दिया।

समय के साथ–साथ, कुछेक साधुओं के जीवन में कतिपय विकृतियां आ गईं। उन्होंने मंदिरों (चैत्य) में रहना शुरू कर दिया, जिसके कारण उन्हें 'चैत्यवासी' के रूप में जाना जाने लगा। उनमें से कई ने धीरे–धीरे भगवान महावीर द्वारा निर्धारित भिक्षु जीवन की कठिन दिनचर्या को त्याग दिया। किन्तु भगवान महावीर के कुछ सच्चे अनुयायी ऐसे भी थे, जिन्होंने उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर निष्ठापूर्वक चलते हुए धर्म व्यवस्था का पालन किया।

विक्रम संवत 1078–79 के आस–पास, भगवान महावीर के वंश के 39वें उत्तराधिकारी आचार्य वर्धमान सूरि और सुधर्मा स्वामी ने आचार्य जिनेश्वर सूरि सहित अपने अन्य शिष्यों के साथ दिल्ली से गुर्जर प्रदेश (अब गुजरात) की ओर प्रस्थान किया। विक्रम संवत 1080 में वे पाटन पहुंचे। उस समय, पाटन में चैत्यवासी आचार्यों, विशेष रूप से सुराचार्य का प्रभुत्व था। सुराचार्य का वहाँ के राजा तथा जनता पर गहरा प्रभाव था। अपने मंत्री की सलाह पर राजा दुर्लभ राज ने सुराचार्य और जिनेश्वर सूरि के बीच शास्त्रार्थ कराने का आदेश दिया। शास्त्रार्थ के दौरान आचार्य जिनेश्वर सूरि द्वारा प्रस्तुत तर्कों और तथ्यों से प्रभावित होकर राजा दुर्लभ राज ने उन्हें भगवान महावीर की वंश परंपरा का 40वां उत्तराधिकारी घोषित किया। तत्पश्चात, इन साधुओं और उनके अनुयायियों को खरतरगच्छीय और उनके समूह (समुदाय) को 'खरतरगच्छ' के नाम से जाना जाने लगा।

खरतरगच्छ के लगभग 1000 वर्ष पुराने और गौरवशाली इतिहास में कई प्रसिद्ध आचार्यों, साधुओं–साध्वियों, विद्वानों, साहित्यकारों, चित्रकारों, मूर्तिकारों और परोपकारियों ने हमारे देश और उसके सामाजिक–सांस्कृतिक परिवेश को नाना प्रकार से समृद्ध किया है। आचार्य जिन दत्त सूरि, आचार्य मणिधारी जिन चंद्र सूरि, आचार्य श्री जिन कुशल सूरि, अकबर प्रतिबोधक आचार्य श्री जिन चंद्र सूरि, महोपाध्याय समय सुंदरजी, आचार्य क्षमा कल्याण सागर सूरि इस संप्रदाय के प्रसिद्ध संत हैं। इन संतों ने जटिल आध्यात्मिक मुद्दों पर अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे और मौलिक चिंतन धारा प्रतिपादित की।

400 से भी अधिक वर्ष पूर्व महोपाध्याय समय सुंदर नामक एक उच्च कोटि के विद्वान हुए, जिन्होंने 8 शब्दों के एक वाक्य को 8,00,000 तरीकों से परिभाषित और वर्णित किया। इन प्रतिष्ठित खरतरगच्छ आचार्यों और साधुओं की परंपरा के अनेक शिष्यों ने देश के कोने–कोने में जैन धर्म के सिद्धांतों और शिक्षाओं का प्रचार–प्रसार किया। इस पंथ के सुप्रसिद्ध आचार्यों जैसे आचार्य अभय देव सूरि, आचार्य जिन दत्त सूरि, आचार्य मणिधारी जिन चंद्र सूरि को सम्मान एंव श्रद्धापूर्वक 'दादा गुरुदेव' कहा जाता था और उन्हें समर्पित मंदिरों को 'दादाबाड़ी' के नाम से जाना जाता है। खरतरगच्छ आचार्यों ने राजाओं और शासकों को सही मार्ग दिखाने के लिए उनके पास जाकर उन्हें उपदेश दिए और उन्हें पशुवध पर प्रतिबंध की घोषणा करने के लिए प्रेरित किया।

श्री अगर चंद नाहटा, श्री भंवर लाल नाहटा जैसे अनेक प्रतिष्ठित खरतरगच्छ विद्वानों ने 100 से अधिक किताबें और 5,000 से अधिक लेख लिखे हैं। साथ ही, कड़ी मेहनत कर कई पुरानी, दुर्लभ पांडुलिपियों को संकलित कर उनकी व्याख्या भी की है। एक अन्य महान विद्वान महोपाध्याय श्री विनय सागर ने अनेक महत्वपूर्ण पुस्तकों का लेखन, संपादन और अनुवाद कर साहित्य में महत्वपूर्ण योगदान किया है।

खरतरगच्छ श्रावकों एवं संघों ने अनेक प्रसिद्ध मंदिरों और तीर्थों का निर्माण किया, जोकि मूर्तिकला के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। लगभग 250 वर्ष पूर्व, एक खरतरगच्छ श्रावक सेठ मोतीशाह ने विभिन्न दुर्घटनाओं में तीर्थयात्रियों के चोटिल / घायल होने से चिंतित होकर, पलिताना (गुजरात) में दो टीलों को आपस में जोड़कर और इनके बीच की विशाल भूमि को भरकर समतल कर एक भव्य मंदिर बनाने का निर्णय लिया। खरतरगच्छ अनुयायियों द्वारा बनाई गई कई पेंटिंग और कलाकृतियाँ मंत्रमुग्ध करने वाली और अमूल्य हैं। इस संप्रदाय के कई परोपकारियों ने देश के विभिन्न हिस्सों में ग्रंथ भंडार, विद्यालय, महाविद्यालय, अस्पताल, धर्मशालाएं, वृद्धाश्रम, सभागार आदि जैसी कई संस्थाओं की स्थापना भी की है। ये संस्थाएं, जाति, पंथ, धर्म, लिंग, राज्य अथवा भाषा के आधार पर कोई भी भेदभाव किए बिना जरूरतमंदों और कमजोर वर्ग के लोगों की सहायता कर रही हैं।

खरतरगच्छ अनुयायियों ने अपनी कड़ी मेहनत और सैद्धांतिक जीवन के दम पर समाज के हर वर्ग से सम्मान एवं प्रशंसा अर्जित की है। अहिंसा और सत्य वे बुनियादी नैतिक मूल्य हैं, जिनका प्रत्येक खरतरगच्छ अनुयायी बिना किसी समझौते या अपवाद के पालन करता है। इस परम्परा के अनुयायी, समाज और समस्त देश में सकारात्मक और महत्वपूर्ण योगदान करने में हमेशा आगे रहते हैं।

सहस्राब्दी वर्ष (1000वाँ वर्ष) की इस अति विशिष्ट और ऐतिहासिक अवधि के दौरान खरतरगच्छ अपने आप में नया परिवर्तन लाकर और असीम उत्साह के साथ मानवता की सेवा करने के खुद के संकल्प को दोहराते हुए अपनी गौरवशाली विरासत को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने एवं गौरवमयी बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसका लक्ष्य दूरदर्शिता, उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ सत्यनिष्ठा और धर्मनिष्ठ रीति से राष्ट्र निर्माण तथा सामाजिक कल्याण में निरंतर योगदान करना है।

डाक विभाग, खरतरगच्छ सहस्राब्दी पर स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है और मानवता की सेवार्थ किए जाने वाले इनके प्रयासों की सराहना करता है।

आभार :

डाक–टिकट / प्रथम दिवस आवरण / विवरणिका : श्री ब्रह्म प्रकाश

विरूपण कैशे : श्री ब्रह्म प्रकाश

पाठ : प्रस्तावक द्वारा प्रदत्त सामग्री से संदर्भित

तकनीकी आंकड़े

TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग	: 500 पैसे
Denomination	: 500 p
मुद्रित डाक टिकटें	: 303900
Stamps Printed	: 303900
मुद्रण प्रक्रिया	: वेट ऑफसेट
Printing Process	: Wet Offset
मुद्रक	: प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	: Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

©डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamps, Miniature Sheets, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00